Date
Page

NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद →

यह स्वायत संगठन भारत सरकार का है। जिसके तहत एक साहित्यिक वैज्ञानिक और धर्मार्थ सोसाइटी के रूप मे 1961 मे स्थापित किया गया था। सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 का अधिनियम XXI) इसका मुख्यालय नई दिल्ली मे श्री अरविन्दो मार्ग पर स्थित है। सितम्बर 2014 से हृषिकेश सेनापति परिषद के निदेशक है।

NCERT की स्थापना एक सामान्य प्रणाली को समर्थन करने और नेशनल डिजाइन करने के एजेंडे के साथ की गई थी। जो प्रकृति मे राष्ट्रीय है। और और देश भर मे विविध संस्कृति को सक्षम और प्रोत्साहित भी करता है।

Date
Page

NCERT की स्थापना

इसकी स्थापना शिक्षा की एक सामान्य प्रणाली को डिजाइन करने और समर्थन करने के एजेन्डे के साथ की गयी। शिक्षा आयोग (1964-66) की सिफारिशों के आधार पर शिक्षा पर पहला राष्ट्रीय नीति वक्तव्य 1968 में जारी किया गया था पूरे देश भर में एक समान पैटर्न को अपनाने का समर्थन किया गया था जिसमे सामान्य शिक्षा कार्यक्रम के 10 वर्ष शामिल थे 2 वर्ष के विविध स्कूली शिक्षा द्वारा वर्ष 1963 में NCERT राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज खोजना NTSS के गठन के पीछे भी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में प्रतिभाशाली छात्रों का पोषण करना था।

Date
Page

राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में प्रतिभाशाली छात्रों का पोषण करना और उन्हें छात्रवृत्ति के साथ पुरस्कृत करना था राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोजना (NTSS) ने वर्ष 1976 में शिक्षा के 10+2+3 पैटर्न की शुरुआत के साथ एक बड़ा बदलाव किया इस कार्यक्रम का नाम बदलकर राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना रखा गया था जो अब कक्षा X, XI, XII के लिए आयोजित की जा रही है।

दस साल के स्कूल के लिए पाठ्यक्रम

यह ढांचा 1975 में आया था। इसने इस बात पर जोर दिया कि ढांचे में निर्धारित सिद्धान्तों पर आधारित पाठ्यक्रम को ~~जोर दिया~~ अनुसन्धान और विकास की गतिविधियों से भरा एक दशक था।

Date
Page

NCERT का उद्देश्य

1) शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और संचालित करने के लिए नवीन विचारों और अभ्यास का प्रयोग।

2) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकों विकसित करने के लिए नवीन, शिक्षण शिक्षण सामग्री और किट प्रशिक्षण मॉडल और रणनीति अभिनव विडियो और ICT सामग्री.

3) पूर्व सेवा और इन सर्विस शिक्षक शिक्षा सामग्री और किट प्रशिक्षण मॉडल राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण

4) घूर्व सेवा और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग करना।

Date
Page

NCERT के कार्य

(1) अनुसंधान →
NCERT स्वतन्त्र रूप से तथा दूसरी संस्थाओं के सहयोग से शैक्षिक अनुसंधान कार्यक्रम आयोजित करता है। यह शोध कर्ताओं के लिए शोध आधारित पाठ्यक्रम आयोजित करता है। तथा विद्यालयी शिक्षा मे शोध अध्ययनो को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है।

(2) प्रशिक्षण → यह शैक्षिक सीढ़ी के विभिन्न स्तरो पूर्वप्राथमिक, प्राथमिक प्रारम्भिक माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक और ऐसे क्षेत्र जैसे व्यवसायिक शिक्षा शैक्षिक प्रौद्योगिक निर्देशन तथा परामर्श विशेष शिक्षा मे अध्यापको के लिए सेवा पूर्व व सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमो का आयोजन करती है।

Date
Page

विकास –

यह विद्यालयी शिक्षा के लिए विभिन्न स्तरो के लिए पाठ्यचर्या तथा अध्यापन सामाग्री निर्माण करती है। या उनका आधुनिकी करण करती है। और उन्हे समाज की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप बनाती है। यह शैक्षिक प्रौद्योगिकी का निर्माण करती है। जिसमे शैक्षिक सहायक सामाग्री तथा मूल्यांकन प्रविधियाँ तथा तकनीक सम्मिलित है। शैक्षिक प्रौद्योगिकी तथा जनसंख्या शिक्षा तथा नियोग्य व्यक्तियो तथा अन्य समूह के क्षेत्र मे विकासात्मक क्रियाकलाप का दायित्व लेती है।

⟹ सेवा पूर्व तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण ➜

यह पात्रतायुक्त अभ्यर्थियो के लिए सेवा पूर्व अध्यापको अध्यापक शिक्षको तथा अध्यापक शिक्षा से जुडे